जरा हम पे भी कर दो गणेशा दया की नजर

जय जय गणेश जय श्री गणेश
आये तेरे दर हम खड़े है हाथ जोड़ कर
कर दो तुम किरपा भटके न हम दरबदर ,
तू को पूजे दुनिया सारी हे महिमा बड़ी तुम्हारी
जरा हम पे भी कर दो गणेशा दया की नजर
आये तेरे दर हम खड़े है हाथ जोड़ कर

दूर है मंजिल दूर किनारे
हम तो है बस तेरे सहारे,
मेरी मुरादे करदो पूरी
आये है हम तेरे द्वारे,
बीच में नैया भवर में डूब न जाए
आप ही बोलो गणेशा हम कहा जाये,
तेरे चरणों के पुजारे सुनो विनती यही हमारी
जरा हम पे भी करदो गणेशा दया की नजर,

तुम विघ्नेश्वर हो हे विघंहर्ता
हर संकट को हर लेते हो,
आया जो भी द्वार तुम्हारे
उस की झोली भर देते हो
हम भी चोकठ पे खड़े है देर ना करना
दूर चरणों से हमे भी आप न करना
हो भगतो के हित कारी करो मूषक की सवारी
जरा हम पे भी करदो गणेशा दया की नजर
आये तेरे दर हम खड़े है हाथ जोड़ कर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20401/title/jara-hum-pe-bhi-kar-do-ganesha-daya-ki-najar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |